प्रसार भारती
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
18.45 मंगलवार दिनांक 27.08.2024

मुख्य समाचारः–

- राज्यपाल ने सेवानिवृत्त न्यायमूर्ति इंदर सिंह उबोवेजा को छत्तीसगढ़ लोक आयोग के प्रमुख लोकायुक्त पद की शपथ दिलाई।
- भिलाई में थाने का घेराव करने जा रहे कांग्रेस कार्यकर्ताओं और पुलिस के बीच झड़प–थाना प्रभारी हुए घायल।
- बलौदाबाजार हिंसा मामले में गिरफ्तार कांग्रेस विधायक देवेंद्र यादव की न्यायिक रिमांड अवधि सात दिनों के लिए बढ़ाई गई।
- अगले चौबीस घंटों के दौरान छत्तीसगढ़ के उत्तरी भाग में भारी वर्षा होने की संभावना।

इंदर सिंह उबोवेजा–शपथ

राज्यपाल रमेन डेका ने आज राजभवन में सेवानिवृत्त न्यायमूर्ति इंदर सिंह उबोवेजा को छत्तीसगढ़ लोक आयोग के प्रमुख लोकायुक्त पद की शपथ दिलाई। अतिरिक्त मुख्य सचिव रेणु पिल्ले ने शपथ प्रक्रिया को पूर्ण कराया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, विधानसभा अध्यक्ष डॉक्टर रमन सिंह, सांसद बृजमोहन अग्रवाल, पूर्व सांसद सुनील सोनी सहित अन्य जनप्रतिनिधि और वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित थे।

केंद्र लोक शिकायत प्रणाली

केंद्र सरकार ने लोक शिकायतों के समयबद्ध, सुगम और सार्थक तरीके से निवारण के लिए दिशा–निर्देश जारी किए हैं। कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन मंत्रालय ने कहा है कि सार्वजनिक शिकायतों के प्रभावी तरीके से निवारण के लिए जारी किए गए दिशा–निर्देश आम नागरिकों को सशक्त करेंगे, इस प्रक्रिया को सरल और कारगर बनाएंगे तथा इसमें अधिक स्पष्टता लाएंगे।

आम नागरिक अपनी शिकायतें डब्ल्यू डब्ल्यू डब्ल्यू डॉट पीजी पोर्टल डॉट जीओवी पर दर्ज कर सकते हैं। यह पोर्टल शिकायतों के निपटारे के लिए सिंगल विंडो सुविधा के रूप में कार्य करेगा। केंद्रीय मंत्रालयों और विभागों को इन शिकायतों के त्वरित, साफ–सुथरे और कुशलता से समाधान के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त करने होंगे। उन्हें इसके लिए समर्पित शिकायत सेल बनाने के लिए कहा गया है, जो आवश्यक संसाधनों से लैस हो तथा उन्हें योजनाओं और गतिविधियों के बारे में जानकारी हो। निपटाई गई शिकायतों के बारे में जानकारी लोगों को एसएमएस और ईमेल से भेजी जाएगी।

कार्यबल–बैठक

देश में चिकित्सा पेशेवरों को कामकाज की जगहों पर सुरक्षा प्रदान करने के लिए सर्वोच्च न्यायालय द्वारा गठित राष्ट्रीय कार्यबल–एनटीएफ की पहली बैठक आज नई दिल्ली में हुई। कैबिनेट सचिव की अध्यक्षता हुई इस बैठक में विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई और सदस्यों ने अपने सुझाव दिए। स्वास्थ्य मंत्रालय ने चिकित्सा पेशवरों की सुरक्षा के बारे में एनटीएफ के लिए सुझाव आमंत्रित करने 'सुझाव' शीर्षक से एक राष्ट्रीय पोर्टल बनाया है। मंत्रालय ने राज्य सरकारों से उनके यहां चिकित्सा संस्थानों में उपलब्ध सुरक्षा उपायों के बारे में जानकारी देने का अनुरोध भी किया है। पोर्टल पर प्राप्त सुझावों को स्वास्थ्य मंत्रालय, राष्ट्रीय कार्यबल के सदस्यों को भेजेगा।

भाजपा–सदस्यता अभियान

भारतीय जनता पार्टी दो सितंबर से सदस्यता अभियान की शुरूआत करेगी। नई दिल्ली में आज मीडिया को जानकारी देते हुए भाजपा के महासचिव विनोद तावड़े ने बताया कि मौजूदा सभी सदस्यों को अपनी सदस्यता का नवीनीकरण कराना होगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी दो सितंबर को पार्टी अध्यक्ष जे.पी. नड्डा से अपनी सदस्यता प्राप्त करेंगे। इसके बाद पूरे देश में सदस्यता अभियान की शुरूआत होगी। श्री तावड़े ने बताया कि भाजपा के संविधान के अनुसार प्रत्येक पांच से छह वर्ष में नये सिरे से सदस्यता अभियान चलाया जाता है। उन्होंने कहा कि इस सदस्यता अभियान का पहला चरण पच्चीस सितंबर को संपन्न होगा।

इधर, छत्तीसगढ़ में तीन सितंबर से सदस्यता अभियान की शुरूआत होगी। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को सबसे पहले सदस्यता दिलाएंगे। इसके बाद छह सितंबर से सभी बूथों में अभियान शुरू किया जाएगा।

<u>कृषि विवि–संगोष्ठी</u>

रायपुर के इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय में उनतीस और तीस अगस्त को कृषि अभियंताओं का छत्तीसवां राष्ट्रीय सम्मेलन और संगोष्ठी का आयोजन किया जाएगा। ''सतत विकास के लिए ग्रामीण अर्थव्यवस्था में सुधार हेतु कृषि अभियंताओं का योगदान'' विषय पर आयोजित इस दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन का शुभारंभ विधानसभा अध्यक्ष डॉक्टर रमन सिंह करेंगे। वहीं, समारोह की अध्यक्षता कृषि मंत्री रामविचार नेताम करेंगे। इस सम्मेलन में वर्तमान समय में कृषि के विकास के लिए बहुप्रासंगिक विषयों जैसे – इंजीनियरिंग इनपुट का संरक्षण और प्रबंधन, फार्म मशीनरी, कृषि प्रसंस्करण और मूल्य संवर्धन, गैर पारंपरिक ऊर्जा स्त्रोत, मिट्टी और जल संरक्षण तथा प्रबंधन'' जैसे विषयों पर चर्चा होगी और शोध पत्र प्रस्तुत किए जाएंगे। इस कार्यक्रम में अभियंता, उद्यमी, वैज्ञानिक, उद्योगपति, शोधकर्ता और प्रगतिशील किसान शामिल होंगे।

<u>रामलला दर्शन योजना</u>

श्री रामलला दर्शन योजना के तहत आज रायपुर से आठ सौ पचास श्रद्धालु अयोध्याधाम के लिए रवाना हुए। राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा ने रायपुर रेलवे स्टेशन में प्लेटफॉर्म–सात पर श्रद्धालुओं की ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस मौके पर विधायक मोतीलाल साहू, पूर्व विधायक रंजना डीपेन्द्र साहू, नन्दे साहू और सीएसआईडीसी के पूर्व अध्यक्ष छगनलाल मुंदड़ा सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

<u>भिलाई–प्रदर्शन</u>

भिलाई में आज थाना घेरने जा रहे कांग्रेस कार्यकर्ताओं की पुलिस के साथ झड़प होने की खबर है। पुलिस ने इस अवसर पर लाठीचार्ज भी किया। मिली जानकारी के अनुसार भिलाई–तीन में आज सिरसा गेट के पास कांग्रेस नेता और कार्यकर्ता प्रदर्शन कर रहे थे। इसके बाद ये कार्यकर्ता थाना घेरने जाने वाले थे। इस घेराव के पहले ही पुलिस ने बल प्रयोग कर प्रदर्शनकारियों को धरनास्थल से हटा दिया। इस दौरान पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच झड़प भी हुई, जिसमें जामुल थाना प्रभारी को चोट पहुंची है। उन्हें उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया है।

इससे पहले, आज पुलिस की टीम चरौदा नगर निगम के सभापति कृष्ण चंद्राकर को गिरफ्तार करने उनके निवास पहुंची थी। लेकिन, उनकी गिरफ्तारी नहीं हो पाई। आरोप है कि कृष्ण चंद्राकर और कुछ कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कल दो भाजपा कार्यकताओं के साथ मारपीट की थी। इसके बाद भिलाई जिला भाजपा अध्यक्ष महेश वर्मा और विधायक रिकेश सेन के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं ने कल देर रात भिलाई–तीन थाने का घेराव किया था। इसके बाद पुलिस ने कृष्ण चंद्राकर और घटना में शामिल अन्य कांग्रेस कार्यकर्ताओं के खिलाफ मारपीट और अपहरण का मामला दर्ज किया है।

सूत्रों के अनुसार कल पाटन विधायक भूपेश बघेल बलौदाबाजार हिंसा मामले में विधायक देवेन्द्र यादव की गिरफ्तारी के विरोध में भिलाई में आयोजित प्रदर्शन में जब शामिल होने जा रहे थे, तो सिरसा गेट के पास उनके काफिले के सामने कुछ लोगों ने प्रदर्शन किया था। इसके बाद पूर्व मुख्यमंत्री के सुरक्षाकर्मियों की ओर से दर्ज रिपोर्ट के आधार पर पुलिस ने सोलह लोगों को गिरफ्तार किया, जिन्हें बाद में मुचलके पर रिहा कर दिया गया। आरोप है कि इसके बाद चरौदा नगर निगम सभापति कृष्ण चंद्राकर और उनके कुछ सहयोगियों ने भूपेश बघेल के खिलाफ हुए प्रदर्शन में शामिल एक युवक का अपहरण कर उसके साथ मारपीट की है।

देवेन्द्र यादव–रिमांड

इस बीच, कांग्रेस विधायक देवेंद्र यादव की न्यायिक रिमांड अवधि सात दिनों के लिए बढ़ा दी गई है। रिमांड खत्म होने पर रायपुर जेल में बंद विधायक देवेंद्र यादव की आज वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये पेशी हुई। इसके बाद बलौदाबाजार कोर्ट ने तीन सितंबर तक के लिए उनकी रिमांड बढ़ा दी है। गौरतलब है कि बलौदाबाजार में कलेक्टोरेट और पुलिस अधीक्षक कार्यालय में हुई आगजनी और तोड़फोड़ के मामले में पुलिस ने बीते सत्रह अगस्त को कांग्रेस विधायक देवेंद्र यादव को गिरफ्तार किया था।

सूरजपुर/जगदलपुर–हादसा

सूरजपुर में कल शाम एक मकान की दीवार गिरने से उसमें दबकर दो बच्चियों सहित एक बुजुर्ग महिला की मौत हो गई है। यह घटना जयनगर थाना क्षेत्र के फतेहपुर–करतमा गांव की है। बताया जा रहा है कि इस गांव के एक कच्चे मकान में एक बुजुर्ग महिला अपनी पोतियों के साथ घर पर मौजूद थी और बच्चियों के माता–पिता खेत में काम करने गए हुए थे। इसी दौरान घर की दीवार गिर गई, जिसके मलबे में तीनों दब गए। इस हादसे में तीनों को गंभीर चोटें आईं, जिसके बाद उन्हें अंबिकापुर मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद तीनों को मृत घोषित कर दिया।

उधर, जगदलपुर के पिपलावंड गांव में डबरी में डूबने से दो आदिवासी बच्चों की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि दोनों बच्चे अपनी मां के साथ नल में पानी भरने गए हुए थे, जहां से वे डबरी की ओर चले गए और डूब गए।

मवेशी तस्करी–आरोपी गिरफ्तार

जांजगीर–चांपा की सिटी कोतवाली पुलिस ने एक ट्रक में भरकर ले जाए जा रहे बीस मवेशियों के साथ दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक आरोपी इन मवेशियों को ओडिशा लेकर जा रहे थे। पुलिस ने दोनों आरोपियों पर पशु क्रूरता अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर उन्हें

न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। दोनों आरोपी उत्तरप्रदेश के कानपुर के रहने वाले हैं।

## मौसम

आगामी चौबीस घंटों के दौरान प्रदेश में अनेक स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने की संभावना है। वहीं, एक–दो स्थानों पर आकाशीय बिजली गिरने के साथ ही भारी वर्षा होने के आसार हैं। मौसम विभाग के अनुसार उत्तर–पश्चिम झारखंड और उसके आसपास के इलाकों में एक निम्न दाब का क्षेत्र बना हुआ है। इसके प्रभाव से उत्तरी छत्तीसगढ़ में भारी वर्षा हो सकती है।

इस बीच, बलरामपुर जिले में पिछले कुछ दिनों से लगातार हो रही बारिश की वजह से एक सड़क बह गई है। वाड्रफनगर विकासखंड के पनसरा के पास स्थित इस सड़क पर बनी छोटी पुलिया भी पानी के तेज बहाव में बह गई है। इसके कारण बलरामपुर–वाड्रफनगर मार्ग पर आवागमन बाधित हो गया है।

## संक्षिप्त समाचार

- भारतीय डाक विभाग रायपुर द्वारा एक निजी संस्था के सहयोग से नये आधार कार्ड के पंजीयन और सुधार के लिए इकतीस अगस्त और एक सितंबर को नवा रायपुर में कैम्प का आयोजन किया जाएगा।

- राजनांदगांव में लोगों को डराने–धमकाने वाले आरोपी को बसंतपुर पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। उसके पास से लोहे का देसी कट्टा भी बरामद किया गया है।

<><><><><>